हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 19 जुलाई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री


व्यवहार न्यायालय में विशेष लोक अदालत का आयोजन

4




## खबर संक्षेप

### पीडब्ल्यूडी की सड़क काटने वाले महावीर राइस मिल संचालक पर एफआईआर

**अकलतरा।** नगर में शुक्रवार को हुई मूसलाधार बारिश के दौरान सामने आई गंभीर लापरवाही और कथित मनमानी पर आखिरकार प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य मार्ग स्थित महावीर राइस मिल परिसर में जलभराव की समस्या से निजात पाने के लिए मिल संचालक द्वारा बिना किसी वैधानिक अनुमति के जेसीबी मशीन से लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की मुख्य सड़क कटवा दी गई। इससे नगर का प्रमुख मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। आम नागरिकों को करीब पांच घंटे तक भारी जाम, अव्यवस्था और परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार को पीडब्ल्यूडी के एसडीओ दल गंजन साय ने अकलतरा थाना पहुंचकर महावीर राइस मिल के संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर महावीर राइस मिल के संचालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 285, 324(5) तथा लोक संपत्ति को नुकसान निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है। पीडब्ल्यूडी के अनुसार सड़क को काटे जाने से विभाग को लगभग 5 लाख 30 हजार रुपये की क्षति हुई है। एसडीओ ने यह राशि संबंधित संचालक से हर्जाने के रूप में वसूलने की मांग भी की है। प्रशासन की इस कार्रवाई को सरकारी संपत्ति से छेड़छाड़ करने वालों के लिए कड़ा संदेश माना जा रहा है कि कानून अपने हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एनएच ने जारी किया आदेश, दो सप्ताह तक चलेगा मरम्मत कार्य

# पुल को क्षतिग्रस्त करने के बाद कम हुई लीलागर की धार, आवागमन प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-मुलमुला

झमाझम बारिश से बौराई लीलागर नदी की धार दूसरे दिन कम हुई। पुल से नीचे नदी का पानी तो आ गया लेकिन पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसको लेकर लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग में 31 जुलाई तक युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य कराए जाने की बात कही है तब तक के ल लिए आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा।

गुरूवार और शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश के बाद जिले में नदी नाले उफान पर आ गए थे। नदी और नालों का पानी पुल के ऊपर चलने से आवागमन अवरूद्ध हो गया था। बिलासपुर से मुलमुला होते हुए जांजगीर और शिवरीनारायण जाने वाली मुख्य मार्ग ग्राम कुटी घाट से बहने वाली लीलाधर नदी में पुल से ऊपर 3 फीट पानी बह रहा था। रात्रि 12 बजे के बाद नदी का जल स्तर कम होने लगा। शनिवार की सुबह करीब 8 बजे पानी पुल के नीचे उतर गया, लेकिन लीलागर नदी के रौद्र रूप के कारण पहले से ही जर्जर पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पानी के तेज बहाव में पुल के किनारे की रेलिंग टूट चुकी है। वहीं पुल के ऊपर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। पुल से पानी उतरने के बाद सुबह कुछ समय तक दोपहिया वाहनों की आवाजाही हुई, लेकिन इसके बाद पुल पर आवागमन को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। प्रशासन द्वारा पुल पर बेरिकेटिंग कर दी गई है। लोक ि नर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग बिलासपुर द्वारा जांजगीर चांपा और बिलासपुर कलेक्टर को पुल पर आवागमन प्रतिबंधित करने पत्र भेजा गया है। पुल पर मरम्मत कार्य कराने के उद्देश्य से आवागमन 31 जुलाई तक के लिए प्रतिबंधित किया गया है। मुलमुला के आसपास नरियरा, बनाहिल तक व पामगढ़ शिवरीनारायण तक के वाहन चालकों को बिलासपुर जाने आने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



लीलागर नदी का पानी उतरने के बाद क्षतिग्रस्त पुल पर बेरिकेट लगाते मजदूर

### पुल में फंसी कार, रेस्क्यू टीम ने चालक को निकाला सकुशल

**तुस्मा।** तुस्मा स्थित पुराना कांजी नाला उफान पर है। इसके बावजूद एक युवक ने प्रशासन की चेतावनी और ग्रामीणों की सलाह को नजर अंदाज कर अपनी जान जोखिम में डाल दी। खैरताल निवासी किशन कुमार अपनी कार से शिवरीनारायण से घर लौट रहा था। पुल से करीब 3 से 4 फीट ऊपर बह रहा था पानी लेकिन युवक ने किसी तरह वाहन को पार करने की कोशिश में तेज बहाव के कारण कार बीच धारा में फंस गई। हालात ऐसे बन गए कि वह न तो आगे बढ़ सका और न ही पीछे लौट पाया। स्थानीय प्रशासन,पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। काफी सावधानी से टीम ने युवक को सकुशल कार से बाहर निकाल लिया।

### कर्रा नाला जलाशय की मरम्मत मिशन मोड पर

अकलतरा विकासखंड के ग्राम कोटमीसोनार स्थित कर्रा नाला जलाशय पानी के तेज बहाव में क्षतिग्रस्त हो गया। इसके मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। मरम्मत एवं राहत कार्यों का कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने आज पुनः मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। संबंधित विभागों को समन्वय के साथ युद्धस्तर पर कार्य जारी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग की तकनीकी टीमों को जलाशय के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्य लगातार जारी रखा जाए। विभाग की तकनीकी टीमें स्थल पर लगातार मौजूद रहकर आवश्यक कार्य कर रही हैं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को मरम्मत कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए आवश्यक स्थानों पर जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही राहत शिविर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य विभाग को राहत शिविरों सहित प्रभावित क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता तथा मेडिकल टीमों की सतत तैनाती बनाए रखने के निर्देश दिए।

# म्यूल एकाउंट गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

साइबर अपराध पर शिकंजा कसते हुए जांजगीर-चांपा पुलिस ने म्यूल अकाउंट (बैंक खातों) के जरिए देशभर में ऑनलाइन ठगी कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। साइबर थाना पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी 10 से 15 हजार रुपये के कमीशन के लालच में अपने नाम से बैंक खाते खुलवाकर साइबर ठगों को उपलब्ध कराते थे। इन्हीं खातों के माध्यम से देश के अलग-अलग राज्यों में ऑनलाइन ठगी की रकम जमा और स्थानांतरित की जाती थी।



पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देश पर समन्वय पोर्टल से प्राप्त इनपुट के आधार पर साइबर थाना जांजगीर-चांपा ने तकनीकी साक्ष्यों एवं बैंकिंग लेन-देन की गहन जांच की। जांच में पता चला कि कर्नाटक और महाराष्ट्र के तीन साइबर ठगी मामलों में कुल 1 लाख 62 हजार 149 रुपये की ठगी की गई थी। यह पूरी राशि चांपा के 5 आरोपियों द्वारा उपलब्ध कराए गए म्यूल खातों में ट्रांसफर हुई थी। पुलिस ने चांपा निवासी हरिशंकर श्रीवास, अनिल नामदेव उर्फ चेतन, राजेश सोनी उर्फ रिंकु सोनी, संदीप सिंह ठाकुर, कमल विरानी को गिरप्तार किया। पूछताछ के दौरान हरिशंकर श्रीवास ने बताया कि अनिल नामदेव और राजेश सोनी ने उसे कमीशन का लालच देकर बैंक खाता खुलवाया था। आगे की जांच में यह भी सामने आया कि संदीप सिंह ठाकुर और कमल विरानी ने भी अपने तथा अन्य लोगों के बैंक खाते खुलवाकर साइबर गिरोह तक पहुंचाए। इन्हीं खातों का उपयोग देशभर में साइबर ठगी की रकम के लेन-देन के लिए किया जाता था। पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।










## खबर संक्षेप

### पोड़ी दल्हा के सिंघरी तालाब में साढ़े छह फीट का व्यस्क मगरमच्छ पकड़ाया



**अकलतरा।** ग्राम पोड़ी दल्हा गांव स्थित सिंघरी तालाब में शनिवार को लगभग साढ़े छह फीट लंबा एक व्यस्क मगरमच्छ पकड़ा गया। तालाब में मगरमच्छ दिखाई देने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाया। काफी मशक्कत के बाद टीम ने मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया। रेस्क्यू के दौरान सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम किए गए, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।वन विभाग ने लोगों से तालाब और जलाशयों के आसपास सतर्क रहने तथा किसी भी वन्यजीव के दिखाई देने पर स्वयं पकड़ने का प्रयास न कर तुरंत विभाग को सूचना देने की अपील की है। मगरमच्छ के सुरक्षित रेस्क्यू के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### सार्वजनिक स्थान पर चाकू लहराकर दहशत फैलाने वाला युवक गिरफ्तार

**देवरी-सारागांव।** जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सारागांव पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थान पर चाकू लहराकर लोगों में दहशत फैला रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से लोहे का चाकू बरामद कर उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिलेभर में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी सारागांव निरीक्षक राकेश कुमार सूर्यवंशी के नेतृत्व में नियमित पेट्रोलिंग और निगरानी की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कमरीद मोड़ के पास एक युवक हाथ में लोहे का चाकू लेकर राहगीरों को डरा-धमका रहा है, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है।सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी जयसिंह चौहान (22 वर्ष), निवासी दर्रभांठा, थाना बाराद्वार, जिला सक्ती को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक लोहे का चाकू बरामद किया गया, जिसे विधिवत जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सूर्यवंशी एवं एएसआई हीरालाल इक्का की सराहनीय भूमिका रही।

## निधन

### राजेश्वर प्रसाद गौरहा



**चांपा।** न्यू लक्ष्मी सिटी चांपा निवासी अधिवक्ता राजेश्वर प्रसाद गौरहा का शुक्रवर 17 जुलाई को निधन हो गया। वे 58 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार मवेशी बाजार स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। वे राधाकृष्ण गौरहा के अनुज थे।

### कमल प्रसाद कश्यप



**लोहर्सी।** ग्राम लोहर्सी (खरौद) के प्रगति चौक निवासी प्रतिष्ठित नागरिक कमल प्रसाद कश्यप का बुधवार 15 जुलाई को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन, समाज के लोग एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अपना पुराना नाम अलीशा परविन है को बदलकर नया नाम अलिशा परवीन पता वार्ड नं. 18 प्रधान चौक भोजपुर चाम्पा छ.ग. रख ली हूं। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम अलिशा परवीन से जाना एवं पहचाना जाये।

शपथकर्ता
अलिशा परवीन
पता- वार्ड नं. 18
प्रधान चौक
भोजपुर चाम्पा

लंबे समय से की जा रही जल निकासी और सड़क मरम्मत की मांग, अब तक नहीं हो पाया कोई स्थायी समाधान

# बदहाली पर आंसू बहा रहा कंचनपुर हाईवे मार्ग जलभराव और गड्ढों से बढ़ा दुर्घटनाओं का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती शहर का कंचनपुर-हाईवे मुख्य मार्ग इन दिनों बदहाल सड़क और जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। बारिश के दौरान तीन फीट तक पानी भरने और गहरे गड्ढों के कारण यहां प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। पेट्रोल पंप, स्कूल और जिला लाइब्रेरी जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों तक पहुंचने वाले इस व्यस्त मार्ग की अनदेखी से स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। जल निकासी और सड़क मरम्मत की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

कंचनपुर से हाईवे की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग इस समय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। जल निकासी (ड्रेनेज) की उचित व्यवस्था न होने के कारण सामान्य दिनों में भी सड़क पर लगभग 2 फीट और बारिश होने पर 3 फीट तक पानी भर जाता है। पूरी सड़क तालाब में तब्दील हो चुकी है, जिसके नीचे छिपे गहरे गड्ढे दिखाई नहीं देते। यह स्थिति हर दिन गंभीर हादसों को न्योता दे रही है। जलजमाव और कीचड़ के कारण सबसे ज्यादा परेशानी माल वाहक वाहनों, ई-रिक्शा और दुपहिया वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी की वजह से हर साल मॉनसून में इस सड़क की यही दुर्दशा हो जाती है। पानी भरा होने के कारण गड्ढे नजर नहीं आते, जिससे हर दिन कोई न कोई मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर गिर जाता है। गड्ढे में चक्का जाने से रिक्शा पलट गया और सारा माल पानी में गिरकर बर्बाद हो गया। भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। कार चालक ने बताया कि सड़क पर भरे गहरे पानी की वजह से कार के गियर बॉक्स में पानी घुस गया, जिसे ठीक कराने में 15 हजार का खर्च आया। आम जनता ने आक्रोश जताते हुए कहा कि यह कोई आम संकरी गली नहीं, बल्कि शहर का एक मुख्य मार्ग है। इस मार्ग पर इंडियन ऑयल और एचपी के दो बड़े पेट्रोल पंप स्थित हैं। साथ ही बच्चों का स्कूल और जिले की मुख्य लाइब्रेरी भी इसी रास्ते पर है, जिसके कारण यहां प्रति घंटे सैकड़ों छात्र, महिलाएं और नागरिक गुजरते हैं। आए दिन हो रही दुर्घटनाओं और आक्रोशित माहौल को देखते हुए स्थानीय नागरिकों व राहगीरों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है। लोगों की मांग है कि जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की जाए और गड्ढों को भरकर इस मार्ग का जल्द से जल्द स्थायी सुधार किया जाए ताकि किसी बड़ी अनहोनी को टाला जा सके।



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

## बारिश में बदहाल हुआ शिवरीनारायण-खड़ताल मार्ग, जलभराव से छात्र-छात्राएं परेशान



**शिवरीनारायण।** लगातार हो रही बारिश ने शिवरीनारायण से खड़ताल तक जाने वाले मुख्य मार्ग की बदहाल स्थिति उजागर कर दी है। सड़क पर जगह-जगह बरसात का पानी जमा होने और बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आवागमन बेहद कठिन हो गया है। सबसे अधिक परेशानी इस मार्ग से प्रतिदिन आने-जाने वाले दर्जनों स्कूलों के छात्र-छात्राओं को हो रही है, जिन्हें कीचड़ और जलभराव के बीच जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री द्वारा सड़क निर्माण जल्द शुरू कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। सड़क की लगातार बिगड़ती स्थिति को लेकर क्षेत्रवासियों में भारी नाराजगी है।सड़क निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय नागरिकों एवं आसपास के जनप्रतिनिधियों ने शिवरीनारायण एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर शीघ्र सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने का आग्रह किया है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी शबरी पुल पर चक्का जाम करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह मार्ग हजारों लोगों के साथ-साथ स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे में जनहित को देखते हुए शासन को तत्काल सड़क निर्माण कार्य शुरू कर लोगों को राहत प्रदान करनी चाहिए। यदि समय रहते निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ, तो बरसात के पूरे मौसम में आम नागरिकों, विद्यार्थियों और वाहन चालकों को इसी तरह भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

# लगातार बारिश के मद्देनजर बम्हनीडीह तहसील प्रशासन अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश और संभावित बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति को देखते हुए तहसील प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है । तहसीलदार प्रशांत पटेल ने आपदा प्रबंधन एवं त्वरित राहत कार्यों के प्रभावी संचालन के लिए आदेश जारी करते हुए नायब तहसीलदार संजय बरेठ को नोडल अधिकारी तथा राजस्व निरीक्षक रामायण प्रसाद सूर्यवंशी एवं सहायक ग्रेड-02 तनेन्द्र कुमार सोनी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है । आदेश के अनुसार आपदा की स्थिति में तत्काल सूचना संकलन, राहत कार्यों का समन्वय और प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी सुनिश्चित की जाएगी । पटवारियों को नियमित भ्रमण और त्वरित रिपोर्टिंग के निर्देशजारी आदेश में सभी पटवारियों को अपने-अपने हल्कों का नियमित भ्रमण करने, आपदा से होने वाले नुकसान की जानकारी प्रतिदिन सुबह 10 बजे तक उपलब्ध कराने तथा आरबीसी 6(4) के अंतर्गत पात्र प्रभावितों को तत्काल राहत दिलाने के लिए आवश्यक जानकारी भेजने के निर्देश दिए गए हैं । बाढ़ एवं जलभराव वाले क्षेत्रों की सतत निगरानी पटवारी और कोटवार के माध्यम से करने तथा किसी भी आपात स्थिति की तत्काल सूचना प्रशासन तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए हैं । तहसीलदार प्रशांत पटेल के आदेशानुसार कोटवारों के माध्यम से लगातार मुनादी कर लोगों को सतर्क किया जाएगा। साथ ही तहसील स्तर पर 24 घंटे निःशुल्क सहायता केंद्र संचालित रहेगा, ताकि आपदा की स्थिति में आम नागरिकों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके । सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदेश का गंभीरता और कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं । इस संबंध में बम्हनीडीह तहसीलदार प्रशांत पटेल का कहना है कि लगातार हो रही बारिश को देखते हुए तहसील क्षेत्र में आपदा प्रबंधन के लिए आवश्यक तैयारियां कर ली गई हैं सभी राजस्व अमले को अलर्ट रहने, संवेदनशील क्षेत्रों की लगातार निगरानी करने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**खास बात**

- तहसीलदार ने आपदा प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर जारी किए निर्देश



# विकासखंड एवं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती। गुंजन एजुकेशन सेंटर के छात्र-छात्राओं ने विकासखंड एवं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत शतरंज, क्रिकेट एवं फुटबॉल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यार्थियों का जिला एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ।

शतरंज प्रतियोगिता में 14वषीय में कक्षा 8वीं के छात्र अंश साव पिता आशीष साव का संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। वहीं 17 वर्षीय फुटबॉल प्रतियोगिता में कक्षा 8वीं के छात्र हुसैन खान पिता नासिर खान का भी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। 14 वर्षीय क्रिकेट प्रतियोगिता में कक्षा 7वीं के छात्र वासु देवांगन पिता स्वर्गीय रोहित कुमार देवांगन एवं जगन्नाथ खर्रा पिता दिलीप खर्रा का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। इसी प्रकार 17 वर्षीय क्रिकेट प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं के छात्र हर्षद शर्मा पिता संजय शर्मा, मयंक लहरे पिता अनिल लहरे तथा कक्षा 10वीं के छात्र अक्षत सिंह ठाकुर पिता जगेश्वर सिंह ठाकुर का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में विद्यालय के खेल प्रभारी भूमेश यादव का विशेष योगदान रहा। संस्था के डायरेक्टर नितिन सोनी ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम निरंतर रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

- उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए हुआ चयन

## करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत, दूसरा घायल

**हसौद।** हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम नगारीडीह में शनिवार सुबह खेत में काम के दौरान करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का निजी अस्पताल में उपचार जारी है। इस हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। सूचना मिलते ही हसौद पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम नगारीडीह निवासी संतोष निराला पिता तिजराम निराला अपने दो अन्य साथी कंचन निराला एवं गौतम निराला के साथ शनिवार 18 जुलाई की सुबह लगभग 10 बजे गांव के बहरा खार स्थित तोष नारंग के खेत में झटका तार खींचने के कार्य के लिए गए थे। तीनों खेत में काम कर रहे थे। इस दौरान संतोष निराला और कंचन निराला पास स्थित गणेश निराला उर्फ गंझा के खेत की मेड़ के किनारे कड़ही के पेड़ पर लटक रहे बिजली के तार की चपेट में आ गए। तेज करंट लगते ही दोनों युवक गंभीर रूप से झुलसकर जमीन पर गिर पड़े जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद गौतम निराला एवं अन्य ग्रामीणों ने तत्काल दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाना शुरू किया। हालांकि रास्ते में ही संतोष निराला ने दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल कंचन निराला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।

**कुएं में टुल्लू पंप चलाने के लिए खींचा गया था बिजली तारः**-ग्रामीणों के अनुसार गणेश निराला के खेत में स्थित कुएं में टुल्लू पंप चलाने के लिए बिजली का तार खेत के किनारे से खींचा गया था। बताया जा रहा है कि यही तार कड़ही के पेड़ पर लटका हुआ था, जिसकी चपेट में आने से यह दर्दनाक हादसा हुआ। घटना के बाद खेतों में खुले एवं असुरक्षित तरीके से बिछाए गए बिजली तारों को लेकर ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है।पुलिस ने शुरू की जांचः- घटना की सूचना मिलते ही हसौद थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक पंचनामा कार्रवाई पूरी की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 13 साल से दबाकर रखा था रंजिश, मौका मिलते ही बुजुर्ग दंपती की कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम क्रोंधा देवमारीडांड में बीते दिनों हुए डबल मर्डर की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। 13 साल से अपने सीने में रंजिश रखे दो भाईयों ने 65 वर्षीय मंगल राठिया और उनकी 55 वर्षीय पत्नी पुनाई बाई राठिया को मौका मिलते ही मौत की नींद सुला दी। दोनों की कुल्हाडी से बेरहमी से हत्या कर दी और वारदात के बाद दोनों के शवों और घर में आग लगाकर हत्या को दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

आरोपियों ने बताया कि वर्ष 2013 में उन्होंने जिस जमीन को खरीदा था, वह बाद में अधिक कीमत मिलने पर मूल विक्रेता ने मंगल राठिया को बेच दी थी। पैसे वापस मिलने के बावजूद दोनों भाई इस बात से नाराज थे कि मृतक उसी जमीन पर मकान बनाकर खेती कर रहा था। इसी रंजिश में दोनों ने 14 जुलाई की रात टांगी लेकर मृतक के घर पहुंचे। दरवाजा खुलते ही मंगल राठिया पर ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। शोर सुनकर बाहर आई पुनाई बाई को भी टांगी से मार डाला। इसके बाद दोनों शवों पर कपड़े, सोफा कवर और अन्य सामान डालकर आग लगा दी तथा घर के दो कमरों में भी आग लगाकर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाडी और वारदात के समय पहने गए कपड़े भी बरामद कर लिए हैं।



### रुबी ने दिखाया रास्ता, कुल्हाड़ी बना सबूत

धरमजयगढ़ पुलिस ने एफएसएल टीम, डॉग स्क्वॉड और वैज्ञानिक साक्ष्यों की मदद से अंधे हत्या का खुलासा किया। 15 जुलाई को दंपति के जले हुए शव उनके घर के अंदर मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या और साक्ष्य मिटाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान घटनास्थल पर मिली हत्या में प्रयुक्त कुल्हाडी की गंध की पहचान करते हुए पुलिस डॉग रूबी सीधे श्याम लाल राठिया तक पहुंची। वहीं एफएसएल रिपोर्ट, गवाहों के बयान, ह्यूमन इंटेलिजेंस और वैज्ञानिक पूछताछ में यह सामने आया कि मृतक और आरोपियों के परिवार के बीच लंबे समय से भूमि विवाद चल रहा था। इसके बाद पुलिस ने श्याम लाल राठिया और उसके भाई जीवन लाल राठिया से अलग-अलग पूछताछ की, जिसमें दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

TOP IN JANJGIR
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

EDUCATION HUB
एक सफल भविष्य की शुरुआत
ADMISSION OPEN ENROLL NOW
CG & CBSE BOARD
Hindi & English Medium
CLASSES 1st to 8th ALL SUBJECT
SPECIAL CLASS 9th to 12th
PHYSICS | CHEMISTRY | MATHSBIOLOGY | COMMERCE
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI
B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing
15 Years Experience

ADMISSIONS OPEN
Balvatika PLAY SCHOOL
PLAYGROUP TO CLASS 8TH
PLAYGROUP NURSERY JUNIOR KG SENIOR KG CLASS 1st to CLASS 8th
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI
B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing
15 Years Experience



# ओएमजी 2 का आइडिया मेरा था क्रेडिट तक नहीं दिया गया : परेश

**मुंबई।** अभिनेता परेश रावल ने अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'ओएमजी 2' को लेकर एक बड़ा दावा किया है। एक्टर ने दावा किया कि 'ओएमजी 2' की कहानी असल में एक आइडिया के तौर पर शुरू हुई थी, जिसे उन्होंने डायरेक्टर अमित राय के साथ मिलकर डेवलप किया था। बाद में उन्हें ही इस कहानी या कॉन्सेप्ट का क्रेडिट नहीं दिया गया। एक्टर ने यह भी कहा कि अक्षय कुमार के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के बाद कहानी में काफी बदलाव किए गए, जिसकी वजह से उन्होंने फिल्म से अलग होने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि उनकी ओरिजिनल कहानी पिता-बेटे के रिश्ते पर आधारित एक ड्रामा थी, जिसमें यौन शिक्षा, लोगों के बीच बेइज्जती और न्याय के लिए माता-पिता की लड़ाई जैसे मुद्दे शामिल थे।

लाइफ Style



# कृति
## सनकी लड़की का रोल करना चाहती हूं

कृति सेनन का कहना है कि अब वे लीक से हटकर किरदारों के जरिए खुद को चुनौती देने के लिए उत्साहित हैं। अभिनेत्री ने माना कि वे जाने-पहचाने किरदारों से आगे बढ़ना चाहती हैं और उन्हें खास तौर पर साइकोलॉजिकली इंटेंस किरदार पसंद हैं। उन्होंने कहा कि वे पर्दे पर 'साइको चिक' का रोल निभाना पसंद करेंगी।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


कृति सेनन ने हाल ही में एक बातचीत में उस तरह के किरदारों के बारे में बात की, जिन्हें वे भविष्य में आजमाना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि साइकोलॉजिकल ड्रामा 'ऑब्सेशन' देखने के बाद उन्हें स्क्रिप्ट चुनने के अपने तरीके पर फिर से सोचने की प्रेरणा मिली। फिल्म के असर के बारे में बात करते हुए कृति ने कहा, 'जब मैंने 'ऑब्सेशन' देखी, तो मुझे लगा, 'अरे बाप रे, हमें सेफ खेलने की आदत छोड़नी होगी। हमें कुछ हटकर करना होगा'। इसने मुझे सच में बहुत उत्साहित किया। कृति सेनन एक 'साइको' लड़की का किरदार निभाना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने जेंडाया जैसे स्टार्स को भी इसका क्रेडिट दिया, जिन्होंने अपनी शानदार परफॉर्मेंस मुश्किल किरदारों को निभा पाने की हिम्मत से प्रेरित किया है। कृति ने रियल पर्सनैलिटी से बिल्कुल हटकर किरदार निभाने की ख्वाहिश जताई। उन्होंने कहा, 'मैं एक सनकी किरदार निभाना चाहती हूं'। कृति सेनन ने कहा, 'मैं किरदारों को लेकर सेफ साइड में नहीं चलना चाहती। एक अभिनेत्री के रूप में, ऐसा जीवन जीना बहुत रोमांचक है, जो आपके जीवन से बिल्कुल अलग है और उस व्यक्ति का पता लगाना जो आप नहीं हैं। मैं पूरी तरह से किसी मानसिक रोगी का किरदार निभाना पसंद करूंगी'। कृति के वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में उन्हें 'कॉकटेल 2' में देखा गया।

हॉलीवुड मसाला



# बड़े शहरों में द ओडिसी के टिकट काफी महंगे

**नई दिल्ली।** क्रिस्टोफर नोलन की मच अवेटेड फिल्म 'द ओडिसी' शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। टिकट की कीमतें चौंकाने वाली हैं। पुणे के आईएनओएक्स मेगाप्लेक्स में रिक्लाइनर सीट की कीमत 3,400 है। मुंबई के लोअर परेल स्थित पीवीआर आइकान, फीनिक्स पैलेडियम में यही सीट 3,100 में मिल रही है। वहीं, दिल्ली-एनसीआर के पीवीआर आईमैक्स (प्रिया) में टिकट 2,500 तक पहुंच गए हैं। बेंगलुरु में सिनेपोलिस नेक्सस शांतिनिकेतन में एक टिकट 1,950 का है, जबकि आईएनओएक्स साउथ सिटी मॉल में टिकट 1,240 तक मिल रहा है। फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट है और एडवांस बुकिंग भी तेजी से हो रही है।



# सिनेमा में आने से पहले करता था कारपेंटर का काम

**नई दिल्ली।** ऐसे कई एक्टर हुए, जिन्होंने अपने स्ट्रगल के दिनों में छोटे- मोटे काम किए और फिर सिनेमा के बड़े स्टार बने. उनके टैलेंट को पूरी दुनिया ने सराहा। आज हम ऐसे ही एक एक्टर के बारे में बताने जा रहे हैं। वो एक्टर हैं हैरिसन फोर्ड। 1960 के दशक के आखिर में संघर्ष कर रहे हैरिसन फोर्ड ने अपने परिवार का खर्च चलाने के लिए लाइब्रेरी की किताबों को पढ़ कर कारपेंटरी (बढ़ई का काम) सीखी और वह हॉलीवुड सेलेब्स के बीच पसंदीदा कारीगर बन गए। 1975 में जब वह उस ऑफिस में दरवाजा लगा रहे थे, जहां जॉर् 'स्टार वॉर्स' के लिए ऑडिशन ले रहे थे। तब फोर्ड से ऑडिशन देने वाले एक्टर्स के साथ डायलॉग पढ़ने के लिए कहा गया। उनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें 'हान सोलो' के रोल के लिए चुना गया। फोर्ड 1960 के दशक में हॉलीवुड आए और कोलंबिया पिक्चर्स के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया। उन्हें सिर्फ छोटे-मोटे और असंतोषजनक रोल मिले, जिनसे मुश्किल से ही गुजारा हो पाता था।



# हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में लोग सपोर्ट नहीं करते

**मुंबई।** अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह कई तेलुगु और हिंदी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने दोनों इंडस्ट्रीज में काम करने के माहौल के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें लगता है कि टॉलीवुड में लोग एक बड़े परिवार की तरह काम करते हैं, जबकि बॉलीवुड में माहौल अलग होता है। रकुल प्रीत सिंह ने बताया कि तेलुगु इंडस्ट्री ने हमेशा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया है और सपोर्ट किया है। रकुल के मुताबिक, वहां के एक्टर्स, डायरेक्टर्स और प्रोड्यूसर्स हमेशा एक-दूसरे का हौसला बढ़ाने के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि वे खुशी-खुशी एक-दूसरे के ट्रेलर को प्रमोट करते हैं। दूसरी ओर, उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें अक्सर लोगों में असुरक्षा की भावना महसूस होती है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से कई लोग खुलकर दूसरों की फिल्मों को सपोर्ट नहीं करते हैं।



# 4000 करोड़ की रामायण में भगवान शिव बनेगा ये एक्टर

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी की 'रामायण' में भगवान शिव के किरदार के लिए मोहित रैना का नाम सबसे आगे चल रहा है। हालांकि, फिल्म के मेकर्स की ओर से अभी तक इस कास्टिंग को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इसके बावजूद सोशल मीडिया और फिल्मी गलियारों में लगातार यही दावा किया जा रहा है कि मेकर्स इस अहम भूमिका के लिए मोहित रैना को लेकर काफी उत्साहित हैं। मोहित रैना ने टीवी के पॉपुलर शो 'देवों के देव... महादेव' में भगवान शिव का किरदार निभाकर जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की थी। उनकी एक्टिंग, डायलॉग्स और स्क्रीन प्रेजेंस ने इस किरदार को दर्शकों के बीच बेहद खास बना दिया था। यही वजह रही कि आज भी बड़ी संख्या में लोग उन्हें 'महादेव' के नाम से पहचानते हैं। अगर रिपोर्ट्स सही साबित होती हैं तो लंबे समय बाद दर्शकों को एक बार फिर उन्हें भगवान शिव के रूप में देखने का मौका मिल सकता है।

टीवी मसाला



# सोनू ने गाया था दूरदर्शन के पॉपुलर शो का गाना

**नई दिल्ली।** टीवी पर सिर्फ एक धुन बजती थी।.. और अगले ही पल पूरा घर चुप हो जाता था। बच्चों की बातें रुक जाती थीं, बड़े भी अपनी जगह छोड़ने का नाम नहीं लेते थे। जैसे-जैसे गाने की धुन आगे बढ़ती, वैसे-वैसे तिलिस्म और रोमांच से भरी एक नई दुनिया का दरवाजा खुलने लगता था। मजेदार बात ये है कि उस धुन को सुनकर करोड़ों लोगों ने बचपन बिताया, लेकिन उसकी आवाज के पीछे कौन था, ये राज आज भी बहुत कम लोग जानते हैं। फिल्मों में अपनी आवाज का जादू बिखेरने से पहले एक मशहूर सिंगर ने दूरदर्शन के इस सुपरहिट शो को अपनी आवाज देकर हमेशा के लिए यादगार बना दिया। ये शो था 'चंद्रकांता', जिसने 90s में दूरदर्शन पर आते ही दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया था। शो की कहानी जितनी दिलचस्प थी, उसका टाइटल सॉन्ग भी उतना ही खास था। बहुत कम लोग जानते हैं कि इस यादगार टाइटल ट्रैक को सोनू निगम ने अपनी आवाज दी थी। उनकी आवाज ने शो के रहस्यमयी माहौल को ऐसा रंग दिया कि पहली धुन बजते ही लोग टीवी के सामने टिक जाते थे। तिलिस्म, ऐयारी, प्यार और सस्पेंस से भरी चंद्रकांता की दुनिया हर हफ्ते दर्शकों को नई रोमांचक यात्रा पर ले जाती थी। लेकिन शो का टाइटल सॉन्ग भी इसकी सबसे बड़ी पहचान बन गया. उस दौर में ना सोशल मीडिया था और ना ही यूट्यूब, फिर भी लोग इसकी धुन गुनगुनाते थे। यही वजह है कि आज भी ये गाना सुनते ही 90s की ढेर सारी यादें ताजा हो जाती हैं।

## आकांक्षा के कारण असहज हो जाते हैं धीरज

**नई दिल्ली।** टीवी एक्टर धीरज धूपर ने रियलिटी शो "लॉक अपः सच या सजा" में अपनी को-कंटेस्टेंट आकांक्षा चमोला को 'रेड फ्लैग' कहा है, क्योंकि उनके व्यवहार से धीरज को असहज महसूस होता है। शो के आने वाले 'जजमेंट डे'



एपिसोड में एक्टर अर्जुन कपूर धीरज से पूछेंगे कि वह आकांक्षा को क्या टैग देना चाहेंगे। आकांक्षा ने पहले खुलकर खुद को 'बाइसेक्सुअल' बताया था और बाद में शो के दौरान खुद को 'एसेक्सुअल' कहा। धीरज ने उन्हें रेड फ्लैग का टैग दिया और इसकी वजह भी बताई। उन्होंने कहा, रेड फ्लैग, जिस तरह से वह व्यवहार करती हैं, उससे मैं असहज हो जाता हूं। उन्होंने पामेला सेरेना के साथ आकांक्षा की करीबी बॉन्डिंग की ओर भी इशारा किया. धीरज की बात सुनकर आकांक्षा नाराज हो गईं और कहा- ऐसा लग रहा है जैसे मैं आपको शारीरिक रूप से असहज कर रही हूं। नेटफ्लिक्स के इस शो में आकांक्षा चौधरी, योगेश रावत, राम कपूर, श्रेया कालरा, शिवांगी जोशी, हर्षद चोपड़ा, सूफी मोतीवाला, धीरज धूपर और वरुण यादव (उर्फ लैला) जैसे मशहूर नाम शामिल हैं।

# 7 महीने की प्रेग्नेंसी में किया ताबड़तोड़ एक्शन



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण पर्दे पर कई तरह के रोल कर चुकी हैं। उन्होंने रोमांटिक हीरोन से लेकर एक्शन हीरोइन तक माना जाता है। दीपिका पादुकोण इन दिनों प्रेग्नेंट हैं। लेकिन, इस दौरान भी दिग्गज एक्ट्रेस का जज्बा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। दीपिका पादुकोण अपनी तीसरी तिमाही में भी रुके बिना काम कर रही हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, दीपिका अपनी आने वाली फिल्म राका की शूटिंग लगातार चला रही हैं। आठ घंटे की तय शिफ्ट और वर्क-लाइफ बैलेंस की वकालत के बावजूद वे फिल्म को समय पर पूरा करने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं।सात महीने की प्रेग्नेंसी में दीपिका नाइट शिफ्ट्स कर रही हैं और बेहद चुनौतीपूर्ण एक्शन सीक्वेंस शूट कर रही हैं। मैटरनिटी लीव से पहले वे इस प्रोजेक्ट को पूरा करने पर पूरा ध्यान दे रही हैं। फिल्म की टीम दीपिका के प्रोफेशनलिज्म से काफी प्रभावित है। टीम के एक सदस्य ने कहा, "दीपिका ने मैटरनिटी ब्रेक से पहले फिल्म पूरी करने का फैसला कर लिया था। कुछ एक्शन सीक्वेंस बेहद मुश्किल और थकाऊ थे, लेकिन उन्होंने हर चुनौती को पार कर लिया. सेट पर उनका यह जुनून सबके लिए प्रेरणादायक है। साथ ही घर पर उनकी डेढ़ साल की बेटी को भी वे पूरा समय और प्यार दे रही हैं।" राका एटली की महत्वाकांक्षी साइंस-फिक्शन फैंटेसी एक्शन फिल्म है, जिसमें अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिकाओं में हैं। बड़े बजट वाली इस पैन-इंडिया फिल्म में शानदार विजुअल इफेक्ट्स और दमदार एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे.

# बंटवारा 1947 से पहले रिलीज हो रही हैं सनी की ये 3 फिल्में

**मुंबई।** सनी देओल अगले महीने फिर से पर्दे पर नजर आने वाले हैं। उनकी फिल्म बंटवारा 1947 सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 14 अगस्त को बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। लेकिन, उससे पहले सनी देओल की लगातार तीन हफ्ते में तीन फिल्में रिलीज होने वाली हैं। सनी देओल बॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों में से एक हैं। फैंस उनकी फिल्म का बेसब्री से इंतजार करते हैं। आने वाले 20 दिन के अंदर सनी देओल ने तीन बड़ी हिट फिल्में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं।





## कौन-कौन सी फिल्में होंगी रिलीज

दरअसल, पीवीआर इनॉक्स सनी देओल और राजकुमार संतोषी की शानदार विरासत का जश्न मना रहा है। इसके लिए वे 90 के दशक की तीन यादगार ब्लॉकबस्टर फिल्मों को फिर से रिलीज कर रहे हैं। इस रेट्रोस्पेक्टिव की शुरुआत 24 जुलाई को दामिनी से होगी, इसके बाद 31 जुलाई को घातक और 7 अगस्त को घायल को सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। यह दर्शकों को 14 अगस्त को 'बंटवारा 1947' की रिलीज से पहले बड़े पर्दे पर इन क्लासिक फिल्मों का अनुभव करने का मौका देता है। यह पहल भारतीय सिनेमा की सबसे मशहूर फिल्ममेकर-एक्टर जोड़ी को सम्मान देती है और साथ ही पुराने फैंस और नई पीढ़ी के दर्शकों को इन यादगार फिल्मों को एक बार फिर थिएटर में देखने के लिए आमंत्रित करती है। बात करें फिल्म 'दामिनी' की तो यह फिल्म पहली बार साल 1993 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को बड़े पर्दे पर खूब पसंद किया गया था। 'दामिनी' में सनी देओल के साथ ऋषि कपूर,मीनाक्षी शेषाद्री और अमरीश पुरी मुख्य भूमिका में हैं। वहीं, फिल्म घातक में साल 1996 में सिनेमाघरों में आई थी। इस फिल्म ने उस वक्त बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। 'घायल' की सनी देओल के कॅरियर की कल्ट फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 1990 में रिलीज हुई थी। इन सभी फिल्मों में सनी देओल के साथ मीनाक्षी शेषाद्री मुख्य भूमिका में थीं।

## पर्दे पर शायर बनते-बनते रह गए, लीना के साथ आने वाले थे नजर
# 57 साल पहले डिब्बा बंद हुई थी अमिताभ की फिल्म

एजेंस ⏭ नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन को आज के समय में हिंदी सिनेमा का महानायक माना जाता है। पिछले 6 दशकों से ज्यादा लंबे करियर में अमिताभ ने एक से बढ़कर एक मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। ज्यादा बातें उनकी हिट फिल्मों की जाती है, लेकिन आज चर्चा बिग बी की उस फिल्म के बारे में होगी, जिसमें अमिताभ बच्चन एक शायर की भूमिका निभाने वाले थे। ये एक बायोपिक मूवी थी और इसकी शूटिंग भी शुरू हो गई थी। लेकिन. फिर बाद में जाकर ये डिब्बा बंद हो गई। आइए जानते हैं कि अमिताभ बच्चन की 57 साल पुरानी वह फिल्म कौन सी थी।



### मिर्जा गालिब पर बनी हैं ये फिल्म

अमिताभ बच्चन बेशक पर्दे पर शायर मिर्जा गालिब की भूमिका नहीं निभा पाए। लेकिन, इस शायर की जिंदगी पर बनी सबसे मशहूर फिल्म मिर्जा गालिब (1954) में दिग्गज अभिनेता रहे भरत भूषण ने मुख्य भूमिका निभाकर वाहवाही लूटी थी।

### कुछ दिनों की शूटिंग के बाद बंद हो गई

फिल्म की कास्ट के स्क्रीन टेस्ट भी हो गए थे, जिसमें अमिताभ ने सभी को प्रभावित किया। इसी वजह से सवान कुमार ने मिर्जा गालिब के शुरुआती सीन्स को भी फिल्मा लिया था। लेकिन, कुछ दिनों की शूटिंग के बाद मिर्जा गालिब बंद हो गई। आईएमडीबी की रिपोर्ट में ये दावा किया जाता है कि इस मूवी के निर्माताओं का अमिताभ बच्चन की आवाज और दुबले-पतले शरीर को लेकर स्क्रीन प्रजेंस पर संदेह होने लगा। उन्होंने मिर्जा गालिब पर पैसा लगाने से मना कर दिया और सावन कुमार टांक की मूवी से हाथ पीछे खींच लिए। इस तरह से अमिताभ बच्चन और लीना चंदावरकर की मिर्जा गालिब ठंडे बस्ते में चली गई और फिर कभी रिलीज नहीं हो पाई।

### सावन कुमार ने बनाई थी फिल्म बनाने की योजना

साल 1969 में आई निर्देशक ख्वाजा अहमद अब्बास की फिल्म सात हिंदुस्तानी से अमिताभ बच्चन ने बतौर अभिनेता हिंदी सिनेमा में कदम रखा था। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इससे पहले एक और ऐसी फिल्म बन रही थी, जिससे बिग बी का डेब्यू हो सकता था। इसी साल निर्देशक सावन कुमार टांक ने एक फिल्म बनाने की योजना बनाई थी, जिसका नाम था- मिर्जा गालिब। जी हां, मशहूर शायर रहे मिर्जा गालिब की बायोपिक में अमिताभ बच्चन को लीड एक्टर के तौर पर चुना गया। उनके साथ इस मूवी में अभिनेत्री लीना चंदावरकर को कास्ट किया गया था। सब कुछ सही चल रहा था।

## खबर संक्षेप

### पीहू ने प्रथम प्रयास में नीट और जेईई दोनों परीक्षा किया उत्तीर्ण



**जांजगीर-चांपा।** नगर की मेधावी छात्रा पीहू सिंघानिया ने देश की दो सबसे कठिन प्रतियोगी परीक्षा नीट तथा जेईई मेन एवं जेईई एडवांस्ड को प्रथम प्रयास में ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ उत्तीर्ण कर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। पीहू की इस उपलब्धि पर नगर सहित पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट यूजी में पीहू ने 720 में से 666 अंक प्राप्त करते हुए अखिल भारतीय रैंक 653 हासिल की है। यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है। इसके साथ ही उन्होंने इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित देश की प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षा जेईई मेन एवं जेईई एडवांस्ड भी प्रथम प्रयास में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। पीहू ने अपनी 12वीं की पढ़ाई ओडिशा के डीएवी पब्लिक स्कूल भुवनेश्वर से की, जहां उन्होंने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने नीट और जेई जैसी दोनों कठिन परीक्षाओं की तैयारी कर सफलता अर्जित की। पीहू इंजी. राजकुमार सिंघानिया एवं श्रीमती बबीता सिंघानिया की पुत्री है। पीहू सिंघानिया ने इसका श्रेय अपनी माता-पिता के सहयोग, गुरुजनों के मार्गदर्शन और नियमित अध्ययन को दिया।

जिला न्यायालय सहित तालुका न्यायालयों में 12 खंडपीठों का किया गया था गठन, लोक अदालत में 95 लाख 42 हजार 947 रुपए का अवार्ड पारित

# विशेष लोक अदालत में 43 प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले में चेक बाउंस मामले के निराकरण के लिए आयोजित विशेष लोक अदालत में 43 प्रकरणों का निराकरण हुआ। इस दौरान 95 लाख 42 हजार 947 रुपये का अवार्ड पारित किया गया। विशेष लोक अदालत के लिए 12 खंडपीठ का गठन किया गया था।

शनिवार 18 जुलाई को उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने जिला न्यायालय दंतेवाड़ा में दीप प्रज्जलवित कर किया। उन्होंने प्रदेश के समस्त जिलों के न्यायाधीशगण को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित करते हुए विशेष लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। इसके बाद समस्त जिलों में विशेष लोक अदालत का उद्घाटन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायालय जांजगीर में विशेष लोक अदालत (चेक अनादरण से संबंधित ) का उद्घाटन प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहअध्यक्ष जयदीप गर्ग ने दीप प्रज्जवलन कर किया। विशेष लोक अदालत में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का स्टाल लगाकर सभी लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर द्वारा विशेष लोक अदालत (चेक अनादरण से संबंधित) के तहत जिला न्यायालय जांजगीर एवं समस्त तालुका न्यायालयों में कुल 12 खंडपीठों में 787 रखे गये प्रकरण में कुल 43 प्रकरणों का निराकरण हुआ और 95 लाख 42 हजार 947 का अवार्ड पारित हुआ। विशेष लोक अदालत में सबक सिखाने के स्थान पर प्रेम के संबंध को धारण करने की समझाईस पर तीन वर्ष पुराने प्रकरण का निराकरण किया गया। विशेष लोक अदालत के शुभारंभ अवसर पर न्यायाधीशगण, जिला अधिवक्ता संघ जांजगीर के अध्यक्ष नरेश शर्मा, अधिवक्तागढ़, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी, कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वॉलिंटियर उपस्थित थे।



आपसी राजीनामा से चेक बाउंस मामले के निराकरण के बाद एक दूसरे हाथ मिलाते पक्षकार।

### 11 लाख रुपए का चेक बाउंस मामला 6 लाख रुपए में हुआ आपसी राजीनामा

जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) मुकेश कुमार तिवारी की न्यायालय में विचाराधीन दांडिक प्रकरण क्रमांक 06/2026 लव कुमार बनाम रितेश कुमार में दोनों पक्षकार व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए। पीठासीन अधिकारी एवं लोक अदालत के सदस्यों ने दोनों पक्षों की काउंसलिंग करते हुए उन्हें लोक अदालत के माध्यम से विवाद निपटाने के लाभों से अवगत कराया। उन्हें बताया गया कि आपसी सहमति से विवाद का समाधान होने पर समय, धन और न्यायिक प्रक्रिया तीनों की बचत होती है तथा भविष्य के विवादों की संभावना भी समाप्त हो जाती है। काउंसलिंग के बाद दोनों पक्ष राजीनामे के लिए सहमत हो गए। 11 लाख रुपये के विवादित चेक बाउंस मामले में आपसी सहमति से 6 लाख रुपये में समझौता हुआ, जिसके आधार पर न्यायालय ने प्रकरण का निराकरण कर दिया। प्रकरण में अपीलार्थी की ओर से अधिवक्ता अभिषेक दुबे तथा प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता अजीत द्विवेदी उपस्थित रहे। विशेष लोक अदालत के माध्यम से हुए इस समझौते को वैकल्पिक विवाद निपटान प्रणाली की एक प्रभावी पहल माना जा रहा है।

### व्यवहार न्यायालय में विशेष लोक अदालत का आयोजन



**पामगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में शनिवार 18 जुलाई को तालुका विधिक सेवा समिति पामगढ़ में विशेष लोक अदालत का आयोजन हुआ। लोक अदालत के लिए खंडपीठ क्रमांक 7 श्रीमती शीलू केसरी प्रथम सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जांजगीर के अतिरिक्त न्यायाधीश पामगढ़ के द्वारा चेक बाउंस के 5 मामलों में 7 लाख 56 हजार 758 हजार रुपए की राशि से आपसी राजीनामा के माध्यम से मामले निराकृत हुए । सुलहकर्ता अधिवक्ता के रूप में श्यामलाल सांडे रहे। इस दौरान अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगण कु. श्रद्धा गुप्ता , व्यासनारायण राठौर , कु. ममता साहू , कृष्ण कुमार साहू, संदीप साहू , सुरेंद्र कुमार बर्मन , पीएलव्ही गजानंद प्रसाद कश्यप, नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, प्रदीप पटेल , मोहन जांगड़े व पक्षकारगण उपस्थित रहे। इस दौरान पक्षकारों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग पामगढ़ के द्वारा न्यायालय परिसर पामगढ़ में कैम्प भी लगाया गया जिसमें बीपी , शुगर की जांच कर दवाइयां भी मुफ्त में वितरित की गई।

# हाईवे पर राहगीर से लूटपाट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरी-सारागांव

- आरोपियों के कब्जे से 2 हजार रुपये नकद, चाकू एवं मोबाइल बरामद

हाईवे पर राहगीरों से लूट करने वाले 2 आरोपियों को सारागांव पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल, नकदी रकम, चाकू व वारदात में प्रयुक्त वाहन बरामद किया है।



इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसर प्रार्थी अशोक लाठिया निवासी खोखरा अपने एक अन्य साथी के साथ बढ़ई का काम करने 16 जुलाई को सारागांव गया था। शाम को काम समाप्त होने के बाद दोनों अपनी मोटरसाइकिल से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान वे एनएच- 49 स्थित अंजली फ्यूल्स पेट्रोल पंप से लगभग 100 मीटर आगे पहुंचे ही थे कि बिना नंबर की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार युवकों ने दोनों को रोक लिया और चाकू जैसे धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। आरोपियों ने उनके पास रखे दो मोबाइल फोन एवं 5 हजार रुपये नकद, कुल लगभग 25 हजार रुपये की संपत्ति लूटकर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट पर थाना सारागांव में अपराध दर्ज कर तत्काल विवेचना शुरू की गई। थाना प्रभारी राकेश कुमार सूर्यवशी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते आरोपी महेन्द्र कुमार धारिया निवासी डेरागढ़ थाना बाराद्वार को पकड़ा। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। मेमोरेंडम के आधार पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा लूटा गया एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपी सूर्यकांत बरेठ निवासी डेरागढ़ के कब्जे से 2 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। मामले में शामिल एक विधि से संघर्षरत बालक से घटना में प्रयुक्त एक्सट्रीम मोटरसाइकिल, चाकू एवं एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया।





